Serial Number
↓

Roll No. ____________

# I-0756

**D**
SET/सेट

**हायर सेकेण्ड्री मुख्य परीक्षा वर्ष - 2024**
**Higher Secondary Examination (Main) - 2024**

# इतिहास
# HISTORY

(Hindi & English Versions)

| Total Questions : 23 | Total Printed Pages : 13+1Blank+1MAP+1Blank | Time : 3 Hours | Maximum Marks : 80 |
|---|---|---|---|

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक **01** से **05** तक **32** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर **1** अंक निर्धारित है। प्रश्न क्रमांक **1** में सही विकल्प–**06** अंक, प्रश्न क्रमांक **2** में रिक्त स्थान–**06** अंक, प्रश्न क्रमांक **3** में सत्य/असत्य–**06** अंक, प्रश्न क्रमांक **4** सही जोड़ी बनाइये –**07** अंक, प्रश्न क्रमांक **5** में एक वाक्य में उत्तर दीजिए–**07** अंक। प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न पर **01** अंक निर्धारित है। कुल **1 × 32 = 32** अंक हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक **06** से **23** तक में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक **06** से **15** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **02** अंक निर्धारित हैं और प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **30** शब्दों में लिखना है।

(v) प्रश्न क्रमांक **16** से **19** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **03** अंक हैं और प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **75** शब्दों में लिखना है।

(vi) प्रश्न क्रमांक **20** से **22** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **04** अंक हैं और प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **120** शब्दों में लिखना है।

(vii) प्रश्न क्रमांक **23** के लिए प्रदत्त मानचित्र में अपना उत्तर अंकित करें। इसके लिए **04** अंक निर्धारित हैं।

(viii) केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये प्रश्न क्रमांक **23** के स्थान पर एक अतिरिक्त सैद्धांतिक प्रश्न दिया गया है जिसका उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में देना है।

**Instructions :**

(i) All questions are **compulsory**.

(ii) Question Nos. **1** to **5** are **32** objective type questions. In which Question No. **1** - Choose the correct option carries **6** marks. Question No. **2** - Fill in the blanks carries **6** marks. Question No. **3** - True / False carries **6** marks. Question No. **4** - Match the column carries **7** marks. Question No. **5** - One word or one sentence carries **7** marks. Total **1×32 = 32** marks.

(iii) Internal options are given in question nos. **6** to **23**.

(iv) Question Nos. **6** to **15** carry **2** marks each and answer should be written in maximum **30** words each.

(v) Question Nos. **16** to **19** carry **3** marks each and answer should be written in maximum **75** words each.

(vi) Question Nos. **20** to **22** carry **4** marks each and answer should be written in maximum **120** words each.

(vii) Question no. **23** should be answered in the given map. The question carries **4** marks.

(viii) Only for visually impaired candidates an additional theoretical question has been added in place of question no. **23** which has to be answered in one word or one sentence.

1 निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : 6

(i) फ्रांस्वा बर्नियर कहाँ का रहने वाला था?

(अ) यूरोप (ब) फ्रांस

(स) इंग्लैण्ड (द) पुर्तगाल

(ii) हड़प्पा सभ्यता की खोज कब हुई थी?

(अ) 1921 ई. (ब) 1924 ई.

(स) 1876 ई. (द) 1840 ई

(iii) बौद्ध ग्रंथों के अनुसार सर्वाधिक प्रसिद्ध शासक कौन था?

(अ) महावीर स्वामी (ब) गौतम बुद्ध

(स) अशोक (द) बिन्दुसार

(iv) महाभारत की रचना किसने की थी?

(अ) वाल्मिकी (ब) वेदव्यास

(स) तुलसीदास (द) कबीरदास

(v) गौतम बुद्ध का जन्म कहाँ हुआ था?

(अ) लुम्बिनी (ब) बोधगया

(स) सारनाथ (द) कुशीनगर

(vi) जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर कौन थे?

(अ) महात्मा बुद्ध (ब) महावीर स्वामी

(स) पार्श्वनाथ (द) ऋषभदेव

Choose and write the correct option of the following questions :

(i) Where did Fransois Berniar live?

(A) Europe (B) France

(C) England (D) Portugal

(ii) When was the Harappan civilization discovered?

(A) 1921 A.D. (B) 1924 A.D.

(C) 1876 A.D. (D) 1840 A.D.

(iii) Who was the famous ruler according to Buddhist text?

(A) Mahaveer Swami (B) Gautam Buddha

(C) Ashoka (D) Bindusar

(iv) Who composed the Mahabharata?

(A) Valmiki (B) Ved Vyas

(C) Tulsidas (D) Kabir Das

(v) Where did birth of Gautam Buddha?

(A) Lumbini (B) Boddh Gaya

(C) Sarnath (D) Kushinagar

(vi) Who was the 24th Tirthankara?

(A) Mahatma Buddha (B) Mahaveer Swami

(C) Parswanath (D) Rishbhadev

2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 6

(i) गौतम बुद्ध के बचपन का नाम ________ था।

(ii) 1857 की क्रान्ति का प्रारम्भ ________ से हुआ था।

(iii) महाभारत में श्लोकों की संख्या ________ है।

(iv) साँची के स्तूप का निर्माण ________ ने करवाया था।

(v) अधिकांश महाजनपद पर ________ का शासन होता था।

(vi) भगवतगीता में ________ ने उपदेश दिये थे।

Fill in the blanks :

(i) Gautam Buddha's childhood name was ________.

(ii) The revolt of 1857 was started from ________.

(iii) There are ________ verses in the Mahabharata.

(iv) Sanchi stupas were made by ________.

(v) Most mahajanpadas were ruled by ________.

(vi) ________ preached in Bhagavat Gita.

3 निम्नलिखित वाक्यों के सत्य/असत्य लिखिए : 6

(i) विजयनगर राज्य का सबसे प्रसिद्ध शासक कृष्णदेवराय था।

(ii) असहयोग आंदोलन सन् 1920 में सुभाषचन्द्र बोस द्वारा प्रारम्भ किया गया था।

(iii) कांग्रेस का विभाजन 1916 ई. में हुआ था।

(iv) संविधान सभा में उद्देश्य प्रस्ताव भीमराव अम्बेडकर ने प्रस्तुत किया था।

(v) विजयनगर साम्राज्य की स्थापना 1336 ई. में हुई थी।

(vi) फतेहपुर सीकरी का निर्माण अकबर ने करवाया था।

Write True/False for the following sentences :

(i) Krishna Dev Rai was the famous ruler of Vijaynagar empire.

(ii) Non-cooperation movement was begun by Subhash Chandra Bose in 1920.

(iii) Congress was divided in 1916 A.D.

(iv) Bheem Rao Ambedkar presented objectives Resolution in constituent assembly.

(v) Vijay Nagar empire was established in 1336 A.D.

(vi) Fatehpur Sikri was built by Akbar.

4 सही जोड़ी बनाइए : 7

| | (अ) | | (ब) |
|---|---|---|---|
| (i) | वीरशैव परम्परा | – | अलबरुनी |
| (ii) | गुरुनानक | – | कर्नाटक |
| (iii) | अमरनायक | – | मोरक्को |
| (iv) | कमल महल | – | अबुल फजल |
| (v) | आइने–ए–अकबरी | – | विजयनगर |
| (vi) | किताब उल हिन्द | – | ननकाना |
| (vii) | इब्नबतूता | – | सैनिक कमाण्डर |
| | | – | स्थायी बन्दोबस्त |

Match the correct columns :

| | (A) | | (B) |
|---|---|---|---|
| (i) | Virashaiva tradition | – | Al Biruni |
| (ii) | Guru Nanak | – | Karnataka |
| (iii) | Amar Nayak | – | Moroccan |
| (iv) | Lotus Mahal | – | Abul Fazl |
| (v) | Ain-I-Akbari | – | Vijaynagar |
| (vi) | Kitab-ul Hind | – | Nankana |
| (vii) | Ibnbattuta | – | Military commanders |
| | | – | Permanent settlement |

5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में लिखिए : 7

(i) 'ये गिलास फल एक दिन हमारे ही मुँह में आकर गिरेगा' यह कथन किसका है ?

(ii) मुस्लिम लीग ने 'प्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस' कब मनाया ?

(iii) सिंधु घाटी सभ्यता के कोई दो प्रमुख स्थलों के नाम लिखिए।

(iv) ताल्लुकदार का शाब्दिक अर्थ क्या होता है ?

(v) संथाल विद्रोह का नेता कौन था ?

(vi) 1857 के स्वतंत्रता संग्राम का तात्कालिक कारण क्या था ?

(vii) सहायक संधि किसके द्वारा प्रारम्भ की गई थी ?

Write the answer of the following questions in one word or one sentence :

(i) Who made this statement "A cherry that will drop into our mouth one day"?

(ii) When did Muslim League declare 'Direct Action Day'?

(iii) Name any two important places of Indus Valley Civilization.

(iv) What is the meaning of Taluqdar?

(v) Who was the leader of Santhal Revolt?

(vi) What was the immediate cause of 1857 Revolt?

(vii) Who started the subsidiary treaty?

6 संविधान प्रारूप समिति का गठन कब किया गया था और इसका अध्यक्ष कौन था? 2

When was the constitution drafting committee formed and who was its Chairman?

अथवा / OR

भारतीय संविधान कब लागू किया गया था?

When was the Indian Constitution implemented?

7 भारतीय संविधान में अनुच्छेद 356 क्या है? 2

What is Article 356 in Indian Constitution?

अथवा / OR

भारतीय संविधान में राज्य सूची का क्या अर्थ है?

What is the meaning of state list in Indian Constitution?

8 सिंधु घाटी सभ्यता की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 2

Write any two characteristics of Indus Valley Civilization.

अथवा / OR

सिंधु घाटी सभ्यता के पतन के कोई दो कारण लिखिए।

Write any two reasons for the decline of Indus Valley Civilization.

9 ब्राह्मी लिपि को पढ़ने में सबसे पहले सफलता किसने प्राप्त की थी? 2

Who was the first to succeed in reading the Brahmi Script?

अथवा / OR

सबसे प्राचीन अभिलेख किस भाषा में लिखे गये?

In which language were the oldest inscriptions written?

10 पितृवंशिकता से क्या तात्पर्य है ? 2

What is the meaning of patrilineal?

अथवा / OR

मातृवंशिकता से क्या तात्पर्य है ?

What is the meaning of matrilineal?

11 प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर कहाँ स्थित है और वहाँ किसकी पूजा की जाती है ? 2

Where is the famous Jagannatha temple located and who is worshipped there?

अथवा / OR

लिंगायत संप्रदाय (वीरशैव) में किसकी पूजा की जाती थी ?

Which lord is worshipped in Lingayats (Virshaivs) sect?

12 'अकबरनामा' ग्रन्थ के रचनाकार कौन हैं और यह ग्रन्थ कितने भागों में विभाजित है ? 2

Who is the author of the book 'Akbarnama' and into how many parts this book is divided?

अथवा / OR

जजमानी व्यवस्था क्या थी ?

What was the Jajmani system?

13 लार्ड कार्नवालिस ने बंगाल में भूराजस्व की किस पद्धति को प्रचलित किया था ? 2

Which system of land revenue was introduced by Lord Cornwalis in Bengal?

अथवा / OR

ब्रिटेन में कपास आपूर्ति संघ की स्थापना कब की गई थी ?

When was the cotton supply association established in Britain?

14 मंगल पाण्डे कौन था? 2

Who was Mangal Pandey?

अथवा / OR

1857 के विद्रोह के चार प्रमुख नेताओं के नाम लिखिए।

Write the names of four main leaders of the revolt of 1857.

15 महात्मा गांधी का जन्म कब और कहाँ हुआ था? लिखिए। 2

When and where Mahatma Gandhi was born? Write.

अथवा / OR

क्रिप्स मिशन भारत कब आया था और उसका उद्देश्य क्या था?

When did the Crips Mission come to India and what was its object?

16 विजयनगर स्थित विरुपाक्ष मंदिर की तीन विशेषताएँ लिखिए। 3

Write three features of Virupaksha temple located at Vijaynagar.

अथवा / OR

विजयनगर साम्राज्य की अमर नायक प्रणाली को समझाइये।

Explain the Amar Nayak system of Vijaynagar empire.

17 किताब-उल-हिन्द पर संक्षिप्त लेख लिखिए। 3

Write short note on Kitab-ul-Hind.

अथवा / OR

सती प्रथा के कौन से तत्वों ने बर्नियर का ध्यान अपनी ओर खींचा?

Which elements of the practice of Sati attracted Bernier's attention?

18 प्राचीन भारतीय इतिहास जानने में सिक्कों का क्या महत्व है? कोई तीन बिन्दुओं में लिखिए। 3

What is the importance of coins in knowing Indian history? Write any three points.

अथवा / OR

अशोक के धम्म की तीन प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

Write three main features of Ashoka Dhamma.

19 जैन धर्म के पंच महाव्रत का उल्लेख कीजिए। 3

Mention the five mahavrats of Jainism.

अथवा / OR

कोई तीन महत्वपूर्ण बौद्ध स्तूपों का वर्णन कीजिए।

Describe any three important Buddhist stupas.

20 क्या आप इस तथ्य से सहमत हैं कि हड़प्पा सभ्यता के शहरों की जल निकासी प्रणाली नगर योजना की ओर संकेत करती है? अपने उत्तर के कारण बताइये। 4

Would you agree that the drainage system in Harappan cities indicates town planning? Give reasons for your answer.

अथवा / OR

मोहनजोदड़ो की प्रमुख विशिष्टताओं का वर्णन कीजिए।

Describe some of the distinctive features of Mohanjodaro.

21 मध्यकालीन भक्ति परम्परा के कोई दो प्रमुख संतों के उपदेशों का वर्णन कीजिए। 4

Describe any two Medieval Bhakti traditions saints' teaching.

अथवा / OR

सूफी मत के मुख्य धार्मिक विश्वासों और आचारों की व्याख्या कीजिए।

Discuss the major beliefs and practices that characterised sufism.

22 महात्मा गांधी की भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका का वर्णन कीजिए। 4

Describe the role of Mahatma Gandhi in Indian freedom movement.

अथवा / OR

किसान महात्मा गांधी को किस तरह देखते थे ?

How was Mahatma Gandhi perceived by the peasants?

23 भारत के मानचित्र पर निम्नांकित को दर्शाइये – 4

(i) कोलकाता

(ii) मुंबई

(iii) चेन्नई

(iv) मेरठ

On the map of India mark the following :

(i) Kolkata

(ii) Mumbai

(iii) Chennai

(iv) Meerut

अथवा / OR

भारत के मानचित्र में दर्शाइये –

(i) सांची

(ii) भरहुत

(iii) सारनाथ

(iv) अमरावती

On the map of India mark the following :

(i) Sanchi

(ii) Bharhut

(iii) Sarnath

(iv) Amrawati

नोट : निम्नलिखित सैद्धांतिक प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये है जो प्रश्न क्रमांक 23 के स्थान पर दिया गया है।

**Note :** The following theoretical question is given only for visually impaired candidates in place of question no. 23.

(i) राजगाह का अर्थ क्या होता था ?

(ii) शेख मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह कहाँ स्थित है ?

(iii) चंपारन सत्याग्रह किसके द्वारा चलाया गया था ?

(iv) भारत छोड़ो आंदोलन कब प्रारम्भ हुआ ?

(i) What was the meaning of Rajagaha?

(ii) Where is dargah of Shaikh Muinuddin Chisti situated?

(iii) Champaran Satyagrah (movement) was organized by whom?

(iv) When did Quit India Movement start?

**अथवा / OR**

(i) असहयोग आंदोलन कब प्रारम्भ हुआ ?

(ii) लार्ड कार्नवालिस कौन था ?

(iii) सुल्तान जहाँ बेगम कहाँ की शासिका थी।

(iv) मौर्य वंश का संस्थापक कौन था ?

(i) When non-cooperation movement was started?

(ii) Who was Lord Cornwallis?

(iii) Sultan Jahan Begum was emperor of which state?

(iv) Who was the founder of Mauryan dynasty?